बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

पत्रांक :–6/रा0ग्रा0पे0यो0–117/2012 (खंड–I)– 58(mp) पटना , दिनांक :– 15/05/2026

सेवा में,

प्रशासनिक पदाधिकारी,
प्रशासनिक एवं वित्तीय विंग,
बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन।

विषय– वर्ष 2026–27 में केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम अन्तर्गत बैरिया ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना के निर्माण हेतु **₹9.62697 लाख (नौ लाख बासठ हजार छः सौ संतानवे रूपये) मात्र** का राज्यांश मद से विमुक्ति।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना है कि केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत 73 पुरानी ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनाओं के पुनर्गठन तथा पाँच वर्षों के लिए परिचालन एवं रख–रखाव कार्य हेतु विभागीय पत्रांक–6/रा0ग्रा0पे0यो0–117/12–819, दिनांक–09/05/13 द्वारा 13256.052 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है।

2. इस स्वीकृत योजना के अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया के द्वारा राशि की अधियाचना की गई है। प्राप्त अधियाचना के आलोक में केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत बैरिया ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना के निर्माण हेतु कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया को बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के पी0एल0 खाता में **NRDWP** के राज्यांश मद की उपलब्ध निधि से **निम्न तालिका** के अनुसार **₹9.62697 लाख (नौ लाख बासठ हजार छः सौ संतानवे रूपये) मात्र** की राशि पी0एल0 खाता के माध्यम से विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

क्र. सं.	लोक स्वा0 प्रमंडल का नाम	ग्रामीण जलापूर्ति का नाम	स्वीकृत्यादेश के अनुसार राज्यांश मद में स्वीकृत राशि	स्वीकृत्यादेश के अनुसार राज्यांश मद में अबतक विमुक्त राशि	विमुक्त राशि (लाख रूपये में)			
					सामान्य मद	अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना मद	कुल अंकों में	शब्दों में
			(लाख रू0 में)					
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	बेतिया	बैरिया	84.728	72.25679	8.00	1.62697	9.62697	**नौ लाख बासठ हजार छः सौ संतानवे रूपये मात्र।**

अनुरोध है कि **राज्यांश मद में** कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया को पी0एल0 खाता के माध्यम से उक्त राशि विमुक्त की जाय।

विश्वासभाजन

15/05/26

(अभय कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन)

ज्ञापांक–6/रा0ग्रा0पे0यो0–117/2012 (खंड–I) 58 (भा0) पटना, दिनांक–15/5/2026

1.प्रतिलिपी–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

i. बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के के पी0एल0 खाता में **NRDWP** के राज्यांश मद की उपलब्ध निधि से उक्त विमुक्त राशि का व्यय स्वीकृत योजना के कार्यान्वयन पर किया जाए।

ii. इस योजना पर होने वाला व्यय स्वीकृत योजना की राशि तक सीमित रहेगा तथा किसी भी हालत में इस राशि का व्यय अन्य मदों पर नहीं किया जायेगा।

iii. इस राशि का उपयोग शीघ्र सुनिश्चित कर व्यय की गई राशि एवं उससे कृत कार्यों के संबंध में प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

2. प्रतिलिपि–सदस्य सचिव, कार्यकारी समिति, बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3. प्रतिलिपि–माननीय मंत्री, के आप्त सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

4. प्रतिलिपि–सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

5. प्रतिलिपि–क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, प्रक्षेत्र–मुजफ्फरपुर/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अंचल, पटना, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6. प्रतिलिपि–मुख्य अभियंता (दक्षिणी बिहार)/बजट पदाधिकारी/अधीक्षण अभियंता (मो0)/कार्यपालक अभियंता (मो0–2)/कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य रूपांकण एवं योजना प्रमंडल, संख्या–10/आई0टी0 मैनेजर/प्रशाखा पदाधिकारी–6/रोकड़पाल, बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन/कार्यवाहक सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–6 को अतिरिक्त 2 प्रतियों सहित संचिका में रखने हेतु लो0 स्वा0 अभि0 विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/05/26

(अभय कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन)